तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 16 जुलाई 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4
धान बिक्री के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन जरुरी
तकनीकी दिक्कतों के निराकरण का निर्देश



## खबर संक्षेप

### चाकू से हमला करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने सूर्योदय प्लांट के सुरक्षा गार्ड से मोबाइल लूटकर चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को घटना के चंद घंटों के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार प्रार्थी कुबेर कुमार यादव 25 वर्ष निवासी ग्राम ढोढ़ीआर, थाना तपकरा जिला जशपुर वर्तमान निवासी सूर्योदय प्लांट कॉलोनी पूंजीपथरा ने 14 जुलाई 2026 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 13 जुलाई 2026 की शाम करीब 4:30 बजे वह कंपनी से ग्राम तुमीडीह बाजार जाने के लिए पैदल निकला था। कंपनी के मुख्य द्वार से लगभग 100-200 मीटर आगे पहुंचने पर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों ने उसे घेर लिया और मोबाइल, पर्स तथा रुपए निकालने की मांग की। विरोध करने पर आरोपियों में से एक ने धारदार चाकू से उसके पेट के पास वार कर घायल कर दिया तथा उसकी जेब से एंड्रॉयड मोबाइल कीमत लगभग 11,000 एवं पर्स लूटकर मोटरसाइकिल से फरार हो गए। रिपोर्ट पर थाना पूंजीपथरा में धारा 309,6 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि वारदात को अंजाम देने वाले वेजौन कंपनीए चिराईपानी के पास तीन संदिग्ध युवक घूम रहे हैं। पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में लिया। पूछताछ एवं पीड़ित से पहचान कराने पर तीनों ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर तीनों आरोपियों कुलदीप सिंह 33 वर्ष निवासी बेला झरिया थाना मरवाही जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही हाल मुकाम वेज्रौन कंपनी क्वार्टर पूंजीपथरा, जगन्नाथ सोनी उर्फ सोनू 21 वर्ष ग्राम कचकोबा थाना तमनार हाल मुकाम एनआर इस्पात देलारी पूंजीपथरा एवं 3. अनिकेत धनवार 19 वर्ष निवासी ग्राम कसडोल थाना तमनार को 14 जुलाई 2026 को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गयाए जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### ट्रैक्टर चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, मौत

**जांजगीर-चांपा।** पान ठेले पर बैठे बुजुर्ग को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दी। घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र के ग्राम लोहर्सी का है। शिवरीनारायण क्षेत्र में मंगलवार 14 जुलाई की शाम ग्राम पंचायत लोहर्सी में तेज रफ्तार और अनियंत्रित ट्रैक्टर ने पान ठेले पर बैठे 65 वर्षीय कमल कश्यप को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। खतरे को भांपते हुए दो लोग किसी तरह वहां से हट गए, लेकिन 65 वर्षीय कमल कश्यप खुद को बचा नहीं सके। बताया जा रहा है कि बेलगाम ट्रैक्टर बुजुर्ग को रौंदते हुए आगे बढ़ गया। इस दौरान पान ठेला पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और ट्रैक्टर एक दुकान की दीवार से टकराकर रुक गई।

## अवैध खनन के बाद कर रहे डंप, दो चार वाहन पकड़ कर विभाग भी कर लेता है किनारा

# रेत भंडारण की केवल चार परमिशन, शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहा कई जगह डंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रेत भंडारण के लिए जिले में केवल चार परमिशन है, लेकिन डंप दर्जनों जगहों पर हो रहा है। अवैध खनन के बाद लोग जहां खाली जगह दिख रहा है वहां डंप कर रहे हैं। रेत घाटों में पानी भरने की आशंका से रात भर अवैध खनन हो रहा है। रेत सुबह तक भंडारण स्थल तक पहुंच रहा है। हालात यह है कि शहर के अलग- अलग जगहों पर रेत का भंडार नजर आ जाएगा।

माइनिंग विभाग द्वारा जिले में चार लोगों को रेत भंडारण की अनुमति दी गई है। इसमें गढ़उमरिया में 0.551 हेक्टेयर रकबा में 3250 एमटी क्षमता भंडारण की अनुमति है। इसी तरह बडमाल पुसौर में 0.334 हेक्टेयर रकबा में 5250 एमटी, सराईपाली तमनार में 0. 413 हेक्टेयर पर 25 हजार 862 एमटी और उसरौट में 0.542 हेक्टेयर पर 51 हजार 724 एमटी क्षमता के लिए परमिशन दी गई है। यह जानकारी माइनिंग विभाग द्वारा विधानसभा में खरसिया विधायक उमेश पटेल के एक सवाल के जवाब में दिया गया है। यह तो वैध भंडारण की जानकारी है, लेकिन शहर समेत शहर के आसपास के गांवों में ऐसे कई जगह आपको रेत का भंडार नजर आ जाएगा। इन रेत भंडार पर विभाग के अधिकारियों की नजर कभी पड़ती नहीं है। इसके कारण शहर के आउटर में कई जगह रेत का भंडार नजर आ जाएगा।



### चार ट्रेक्टर रेत जब्त

दो दिन पहले चार ट्रेक्टर रेत माइनिंग विभाग के अधिकारियों ने जब्त किया है। इसके पहले भी दो डंपर जब्त किया गया था, लेकिन इन वाहनों को रेत परिवहन करते पकड़ा गया है। भंडारण करने वाले वाहन तो रात में चलती है। कारण दिन में रेत घाटों पर सबकी नजर रहती है। इसके कारण निकालने में दिक्कत होती है। ऐसे में रात को ही रेत निकाली जा रही है। सुबह तक भंडारण स्थल में रेत नजर आता है।

### दीगर जगहों पर कौन कर रहा भंडारण

यदि चार अनुमति भंडारण का है तो बाकी जगहों पर भंडारण कौन कर रहा है, इसकी जानकारी विभाग के पास भी नहीं है। विभाग के अधिकारी जिन घाटों से रेत निकलता है वहां भी कभी नहीं पहुचते। इसके कारण दीगर भंडारण को भी पकड़ नहीं पाते।

### जल जीवन मिशन के 6 ठेकेदारों का निरस्त होगा अनुबंध

**रायगढ़।** जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति और ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षित पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने की जिला जल एवं स्वच्छता मिशन डीडब्ल्यूएसएम की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए मेसर्स संतोष कुमार तिवारी, मेसर्स आशीष ट्रेडर्स एंड कंस्ट्रक्शन, मेसर्स माला मोहन बिल्डर्स, मेसर्स महामाया कंस्ट्रक्शन, मेसर्स आदिशक्ति इंटरप्राइजेस तथा मेसर्स ध्रुवा इंटरप्राइजेस के अनुबंध निरस्त करने और उनके विरुद्ध नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले में संचालित जल जीवन मिशन की विभिन्न योजनाओं, विशेषकर समूह नल.जल योजनाओं की प्रगति की बिंदुवार समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय.सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एलएलबी की परीक्षा ही नहीं हुई, फिर एलएलएम में शुरू कर दिया एडमिशन

**रायगढ़/जांजगीर चाम्पा ।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय ने विधि संकाय में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर ऐसी प्रशासनिक चूक कर दी, जिसने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विश्वविद्यालय ने एलएलएम (विधि स्नातकोत्तर) में प्रवेश के लिए 24 जून को अधिसूचना जारी कर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए, आवेदन प्राप्त होने के बाद मेरिट सूची भी जारी कर दी, जबकि एलएलबी (विधि स्नातक) की परीक्षाएं ही अभी तक आयोजित नहीं हुई हैं।

एलएलबी की परीक्षा और परिणाम के बिना एलएलएम में प्रवेश प्रक्रिया शुरू किए जाने पर विद्यार्थियों और संबद्ध विधि महाविद्यालयों ने आपत्ति दर्ज कराई। मामला सामने आते ही विश्वविद्यालय प्रशासन को अपनी गलती का एहसास हुआ और आनन-फानन में नई अधिसूचना जारी करनी पड़ी।

विश्वविद्यालय ने 14 जुलाई को जारी अधिसूचना में कहा है कि एलएलएम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया फिलहाल जारी रहेगी, लेकिन प्रवेश से संबंधित आगे की समस्त कार्रवाई एवं मेरिट सूची अधिसूचना अगले आदेश तक स्थगित रहेगी।

इस पूरे घटनाक्रम ने विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया और प्रशासनिक समन्वय पर सवाल खड़े कर दिए हैं। विधि विद्यार्थियों का कहना है कि जब एलएलबी की परीक्षाएं ही नहीं हुई हैं और अंतिम वर्ष के परिणाम घोषित नहीं हुए हैं, तब सत्र 2026-27 के लिए आईआईएम में एडमिशन और पंजीयन के साथ एलएलएम की मेरिट सूची जारी करना नियमों और शैक्षणिक प्रक्रिया के विपरीत है। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय ने बिना शैक्षणिक कैलेंडर का समुचित आकलन किए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी, जिससे विद्यार्थियों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इधर बीते पखवाड़े भर्ती चली आ रही यह प्रक्रिया मंगलवार को एक और अधिसूचना के साथ आगामी आदेश तक बढ़ा दी गई है अब पंजीयन की प्रक्रिया जारी रहेगी लेकिन मेरिट सूची और आगे की प्रक्रिया आगामी अधिसूचना जारी होने के बाद होगी।

- एसएनपीवी रायगढ़ की बड़ी चूक, मेरिट सूची तक जारी; फिर पूरी प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित

### ऐसे हुई पूरी गड़बड़ी

24 जून को एलएलएम प्रवेश की अधिसूचना जारी। ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए। आवेदन के बाद मेरिट सूची भी प्रकाशित कर दी गई। इस बीच एलएलबी की परीक्षाएं ही आयोजित नहीं हुई थीं। इसे देखते हुए 14 जुलाई को नई अधिसूचना जारी कर आगे की प्रक्रिया आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई। पंजीयन प्रक्रिया आगामी अधिसूचना जारी होने तक तक जारी रहेगी।

### आगामी अधिसूचना तक जारी रहेगा पंजीयन

एल एल एम में प्रवेश के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ा दी गई है। पंजीयन अभी जारी रहेगा वर्तमान में स्नातक निकलने वाले विधि के छात्र भी इसमें शामिल हो सकते हैं इसलिए पंजीयन तिथि बढ़ाई गई है पूर्व में जो कार्यक्रम निर्धारित था उसे निरस्त कर दिया गया है।

**-तरुण धर दीवान**
कुल सचिव
शहीद नंद कुमार पटेल
विश्वविद्यालय रायगढ़

## युवती से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायगढ़।** महिला अपराधों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई के क्रम में जोबी पुलिस ने युवती से दुष्कर्म की शिकायत पर महज 24 घंटे के भीतर आरोपी रमाकांत मांझी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट 13 जुलाई को पुलिस चौकी जोबी में 21 वर्षीय पीड़िता द्वारा दर्ज कराई गई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी रमाकांत मांझी से उसकी पूर्व परिचित थी। आरोपी लगातार मोबाइल पर कॉल कर प्रेम और विवाह का प्रस्ताव देता था, जिससे परेशान होकर उसने उसका मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया था। पीड़िता के अनुसार 12 जुलाई 2026 को गांव में आयोजित एक शादी समारोह के दौरान वह शाम करीब 7 बजे अपने रिश्तेदार को छोड़ने बस्ती की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक अज्ञात मोबाइल नंबर से कॉल आने पर वह बात करने के लिए रुकी, तभी आरोपी पीछे से आया और उसे आंगनबाड़ी भवन के पीछे ले जाकर उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को दुपट्टे से बांधकर जान से मारने की धमकी भी दी। शोर.शराबा होने पर आरोपी अपनी नेकर, पर्स, आधार कार्ड, चप्पल, क्रेक बेल्ट तथा मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 1176 मौके पर छोड़कर दीवार फांदकर फरार हो गया। घटना के बाद पीड़िता बेहोश हो गईए जिसके बाद परिजनों ने उसे उपचार के लिए खरसिया अस्पताल पहुंचाया। पीड़िता की लिखित शिकायत पर चौकी जोबी, थाना खरसिया में के तहत धारा 64,1 एवं 351,3 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपी की तलाश शुरू की गई।

## शराब के लिए पैसे मांगकर मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं असामाजिक तत्वों पर प्रभावी अंकुश लगाने के अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़पारा शराब भट्ठी के पास शराब पीने के लिए पैसे मांगकर युवक से मारपीट करने वाले तीन आरोपियों को घटना के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर अजमानतीय धाराओं के तहत न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को प्रार्थी भरत सिंह ध्रुव 24 वर्ष निवासी ईतवारी बाजार के पास बड़पाराए रायगढ़ ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दोपहर करीब 1 बजे बड़पारा शराब भट्ठी में शराब खरीदने गया था। इसी दौरान शराब भट्ठी के पास सड़क पर बिट्टू सारथी, अज्जू बनसदा एवं आकाश चौहान ने उसे रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग की। पैसे देने से मना करने पर तीनों ने एकराय होकर अश्लील गाली.गलौज कीए जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ पकड़कर मुक्का.घूंसों से मारपीट कर उसे चोट पहुंचाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली रायगढ़ में धारा 296, 351,3ए 115,2ए 119,1 एवं 3,5 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में कलाकार चयन समिति की बैठक

# 14 सितंबर से सुर, ताल और घुंघरुओं की झंकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले की सांस्कृतिक पहचान और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक 41 वें चक्रधर समारोह.2026 इस वर्ष 14 से 23 सितंबर 2026 तक स्थानीय रामलीला मैदान में आयोजित होगा। दस दिवसीय इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सांस्कृतिक आयोजन को भव्य, सुव्यवस्थित और यादगार बनाने के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलाकार चयन समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में कलाकारों के चयनए कार्यक्रम की रूपरेखा तथा आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कहा कि चक्रधर समारोह केवल शास्त्रीय कला का मंच नहीं, बल्कि रायगढ़ और छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस वर्ष आयोजन में स्थानीय कलाकारों, नवोदित प्रतिभाओं तथा छत्तीसगढ़ की लोक कला एवं लोक संस्कृति को विशेष स्थान दिया जाए, ताकि क्षेत्रीय सांस्कृतिक विरासत का प्रभावी प्रदर्शन हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित कलाकारों के साथ.साथ रायगढ़ और प्रदेश के लोक कलाकारों को भी पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। छत्तीसगढ़ी लोकगीतए लोकनृत्य, पारंपरिक सांस्कृतिक विधाओं तथा स्थानीय प्रतिभाओं की प्रस्तुति समारोह का विशेष आकर्षण होगी। इससे प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिलेगी। समारोह के दौरान शास्त्रीय गायन, वादन, नृत्य, लोक कला और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का संतुलित कार्यक्रम तैयार करने पर समिति ने विस्तार से विचार.विमर्श किया।







# मेरे लिए फिटनेस का मतलब है हेल्दी-एक्टिव-एनर्जेटिक रहना

इन दिनों सोनी सब चैनल पर टेलिकास्ट हो रहे शो 'हस्तिनापुर के वीर' में गुरु द्रोणाचार्य की भूमिका जितेन लालवानी निभा रहे हैं। शो में उनकी बॉडी बहुत फिट और टोंड दिख रही है। इसे मेंटेन करने के लिए वे किस तरह का डाइट प्लान और वर्कआउट रूटीन फॉलो करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।



**फिटनेस फंडा**

**जितेन लालवानी**

मेरे लिए फिटनेस का मतलब सिर्फ मसल्स बनाना नहीं है, बल्कि हेल्दी, एक्टिव और एनर्जेटिक रहना है, ताकि मैं स्क्रीन पर ही नहीं अपनी निजी जिंदगी में भी अपना बेस्ट दे सकूं।

**डाइट प्लान:** मैं आमतौर पर एक दिन में 2,000 से कम कैलोरी लेता हूं। हालांकि जब मेरा लक्ष्य मसल्स गेन करना था, तब मैंने अपनी कैलोरी बढ़ाकर लगभग 2,800-3,000 प्रतिदिन कर दी थी। मैं मोस्टली वेजीटेरियन हूं, इसलिए प्रोटीन के लिए मुख्य रूप से पनीर, दाल, सोया चंक्स और अंडों पर निर्भर रहता हूं। मैं दिन में तीन बार भोजन करता हूं और कोशिश करता हूं कि रात का खाना जल्दी खा लूं। अगर रात में 9 बजे से ज्यादा लेट हो जाता है तो मैं आमतौर पर डिनर छोड़ देता हूं।

**वर्कआउट रूटीन:** मैं सप्ताह में कम से कम 4-5 दिन वर्कआउट करता हूं। मेरा रूटीन इस प्रकार का होता है-

सोमवार को लेग्स स्ट्रेंथनिंग। मंगलवार को चेस्ट, शोल्डर्स और ट्राइसेप्स। बुधवार को बैक और बाइसेप्स। गुरुवार को एब्स और कार्डियो। शुक्रवार को फिर लेग्स स्ट्रेंथनिंग। शनिवार को फुल अपर बॉडी वर्कआउट। जिम के अलावा मैं हर शाम अपने शेड्यूल के अनुसार 5,000 से 10,000 स्टेप्स वॉक भी करता हूं।

मैं हमेशा अपने साथ एक रेजिस्टेंस बैंड भी रखता हूं। अगर किसी दिन जिम जाना संभव नहीं हो पाता, तो मैं अपने मेकअप रूम में ही कुछ सेट्स पुश-अप्स और रेजिस्टेंस बैंड की बेसिक एक्सरसाइज कर लेता हूं, ताकि मेरा वर्कआउट मिस न हो।

**मैनेज करता हूं टाइम:** अगर मैं सिर्फ एक शो को शूट कर रहा होता हूं, तो फिटनेस के लिए समय निकालना अपेक्षाकृत आसान होता है, क्योंकि आमतौर पर महीने में 15-20 दिन ही शूटिंग करनी होती है। लेकिन जब एक साथ दो शो कर रहा होता हूं, तब टाइम मैनेजमेंट करना थोड़ा चैलेंजिंग हो जाता है। दो शोज को साथ में मैनेज करना मुश्किल जरूर होता है, लेकिन मैं उसे भी पूरी पॉजिटिविटी के साथ निभाता हूं और जो भी जितना भी टाइम मिलता है, उसमें वर्कआउट करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए, मैं खुद को हमेशा एक्टिव और बिजी रखने की कोशिश करता हूं। नियमित वर्कआउट करता हूं, वॉक करता हूं और अपने परिवार के साथ अच्छा समय बिताता हूं। साथ ही, मैं हमेशा कुछ नया सीखने की कोशिश करता हूं, चाहे वह अभिनय से जुड़ा हो या जीवन से, क्योंकि नई चीजें सीखना मुझे प्रेरित करता है। बेशक हर किसी की जिंदगी में तनाव वाले दिन आते हैं, लेकिन मैंने यह सीख लिया है कि नकारात्मकता को ज्यादा देर तक अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। मैं उन चीजों पर ध्यान देता हूं, जो मेरे नियंत्रण में हैं, हर दिन के लिए आभारी रहता हूं और एक-एक दिन करके आगे बढ़ता हूं। यही संतुलन मुझे मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखता है।

**फिटनेस आइडल:** ऐसे कई लोग हैं, जिनसे मैं इंस्पायर होता हूं। लेकिन अगर मुझे किसी एक का नाम लेना हो, तो मैं अनिल कपूर का नाम लूंगा। जिस तरह उन्होंने वर्षों से अपनी फिटनेस, एनर्जी और डिसिप्लिन को बनाए रखा है, वह वास्तव में इंस्पायरिंग है।

**रीडर्स को मैसेज:** मैं रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि सीखना और खुद पर काम करना कभी बंद मत कीजिए। सफलता रातों-रात नहीं मिलती, बल्कि हर दिन लगातार मेहनत करने से मिलती है, चाहे उस दिन आपका मन करे या नहीं। अपनी सेहत का भी पूरा ध्यान रखें, क्योंकि वही आपकी सबसे बड़ी पूंजी है। अनुशासित रहें और मेहनत करने से कभी न घबराएं। चुनौतियां जरूर आएंगी, लेकिन अगर आप लगातार प्रयास करते रहेंगे और धैर्य बनाए रखेंगे, तो वही चुनौतियां आपको और मजबूत बनाएंगी। सबसे जरूरी बात, हमेशा विनम्र रहें, कृतज्ञ रहें और इस सफर का आनंद लें। मंजिल महत्वपूर्ण है, लेकिन उससे भी ज्यादा अहम वह इंसान है, जो आप इस सफर के दौरान बनते हैं। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

अधिकतर लोग रोजाना कोई न कोई ऐसा सेल्फ केयर प्रोडक्ट यूज करते हैं, जिसमें केमिकल्स होते हैं। ऐसे प्रोडक्ट्स किस तरह से आपके लिए हार्मफुल हो सकते हैं, इनके साइड इफेक्ट्स से बचने के लिए आप क्या सावधानियां बरत सकते हैं और इनके क्या बेहतर ऑप्शंस हो सकते हैं, आपको जरूर जानना चाहिए।

# क्या आप भी अक्सर करते हैं यूज केमिकल बेस्ड सेल्फ-केयर प्रोडक्ट्स!

**अवेयरनेस**

**रजनी अरोड़ा**



आज के समय में शैंपू, साबुन, फेस वॉश, मॉयश्चराइजर, डिओडरेंट, परफ्यूम, हेयर डाई, शेविंग क्रीम, मेकअप, लिपस्टिक और इंटीमेट हाइजीन उत्पाद दैनिक जीवन का हिस्सा बन चुके हैं। पुरुष हों या महिलाएं, लगभग हर व्यक्ति किसी-न-किसी सेल्फ-केयर प्रोडक्ट का उपयोग करता है। लेकिन केमिकल बेस्ड ऐसे उत्पादों का लंबे समय तक, बार-बार या गलत तरीके से उपयोग स्वास्थ्य को प्रभावित भी कर सकता है।

कुछ शोधों से पता चला है कि सेल्फ-केयर उत्पादों के माध्यम से अनेक महिलाएं (करीब 168) और पुरुष (करीब 120) अलग-अलग रसायनों के संपर्क में रोजाना आते हैं। ये रसायन मानव रक्त, बाल, मूत्र और यहां तक कि मां के स्तन के दूध में भी पाए गए हैं। यानी ये केवल त्वचा पर नहीं रहते, वे शरीर के भीतर तक पहुंच जाते हैं और जमा होते रहते हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि सेल्फ-केयर उत्पादों का उद्देश्य शरीर को नुकसान पहुंचाना नहीं, बल्कि उसे स्वस्थ, साफ और आरामदायक रखना है। लेकिन ये उत्पाद कितने सुरक्षित हैं. यह उसमें मौजूद विभिन्न घटकों की मात्रा, गुणवत्ता और नियामक मानकों के माध्यम से ही तय नहीं होता। उसके सही ढंग से उपयोग करने और उससे शरीर या त्वचा पर होने वाले नुकसान पर भी निर्भर करता है। इसलिए स्त्री-पुरुष दोनों के लिए जरूरी है कि उत्पादों को समझदारी से चुनें, अनावश्यक रसायनों के संपर्क को कम करें और अपनी त्वचा की वास्तविक जरूरतों को पहचानें।

**शैंपू-साबुन-बॉडी वॉशः** झाग बनाने के लिए अकसर इनमें सोडियम लॉरिल सल्फेट (एसएलएस) और सोडियम लॉरेथ सल्फेट (एसएलईएस) जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं। संवेदनशील त्वचा वालों में एक्जिमा, रूसी या सूखे बालों वाले लोगों में खुजली, रूखापन, जलन और बालों का खिंचाव बढ़ा सकते हैं। कुछ उत्पादों में पैराबेंस, कृत्रिम रंग और तेज कृत्रिम सुगंध भी होती है, जो एलर्जी या त्वचा पर चकत्ते पैदा कर सकते हैं। ऐसे में सल्फेट मुक्त, कम सुगंध वाले, पीएच संतुलित और डर्मेटोलॉजिकली टेस्टेड उत्पाद बेहतर विकल्प हो सकते हैं। रीठा, शिकाकाई, आंवला, एलोवेरा, ओटमील और ग्लिसरीन जैसे घटकों वाले हल्के उत्पाद भी उपयोगी हो सकते हैं। हालांकि नया उत्पाद लगाने से पहले त्वचा के छोटे हिस्से पर पैच टेस्ट करना उचित रहता है।

पानी एक यूनिवर्सल सॉल्वेंट है, जो नहाने पर गंदगी को आसानी से हटा देता है। केमिकलयुक्त साबुन के बजाय बेसन और हल्दी का उबटन, मुल्तानी मिट्टी, कच्चा दूध और हल्दी, मूंग दाल पावडर, चंदन पावडर इस्तेमाल कर सकते हैं। ये प्राकृतिक क्लींजर बिना नेचुरल ऑयल निकाले स्किन को साफ करते हैं।

**फेस वॉश, क्रीम और मॉयश्चराइजरः** चेहरे की त्वचा शरीर के अन्य हिस्सों की तुलना में अधिक नाजुक होती हैं। बहुत अधिक अल्कोहल, तेज सुगंध, कठोर क्लींजर या अनावश्यक स्क्रबिंग वाले फेस वॉश त्वचा की प्राकृतिक सुरक्षा परत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इससे चेहरा सूखा, लाल, खिंचा हुआ या संवेदनशील महसूस हो सकता है।

फेस वॉश चुनते समय सोप-फ्री, फ्रेगनेंस-फ्री, जेंटल क्लींजर या आयुर्वेदिक क्रीम उपयोगी हो सकते हैं। मॉयश्चराइजर में ग्लिसरीन, सेरामाइड, हायलूरोनिक एसिड, शिया बटर, जोजोबा ऑयल या बादाम तेल जैसे तत्व त्वचा को नमी देने में मदद कर सकते हैं। तैलीय त्वचा वाले व्यक्ति हल्के, नॉन-कॉमेडोजेनिक मॉयश्चराइजर चुन सकते हैं, जबकि शुष्क त्वचा वालों को अधिक मॉयश्चराइजिंग क्रीम की आवश्यकता हो सकती है।

**फेयरनेस-स्किन व्हाइटनिंग क्रीमः** त्वचा को गोरा बनाने का दावा करने वाली कुछ नकली उत्पादों में हाइड्रोक्विनोन, कॉर्टिकोस्टेरॉइड और पारा यानी मरकरी जैसे रसायन पाए गए हैं। हाइड्रोक्विनोन त्वचा के मेलानिन पर असर डाल सकता है, जबकि कॉर्टिकोस्टेरॉइड का बिना चिकित्सकीय सलाह लंबे समय तक उपयोग त्वचा को पतला, लाल और संवेदनशील बना सकता है। मरकरी युक्त उत्पाद त्वचा के अलावा किडनी और तंत्रिका तंत्र के लिए भी गंभीर चिंता का विषय हो सकते हैं। ऐसी क्रीमों से तत्काल चमक या गोरेपन का अनुभव हो सकता है, लेकिन लंबे समय में दाग-धब्बे, मुंहासे, त्वचा की कमजोरी, असमान रंगत और सूर्य की रोशनी से अधिक नुकसान जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सुरक्षित विकल्प के रूप में नियमित सनस्क्रीन, हल्का मॉयश्चराइजर, विटामिन-सी या नियासिनामाइड युक्त प्रमाणित उत्पाद, एलोवेरा जैल तथा त्वचा विशेषज्ञ की सलाह अधिक उचित है। आयुर्वेदिक या हर्बल बेस्ड क्रीम का यूज करना भी सुरक्षित विकल्प है।

**हेयर डाई-हेयर स्प्रे-स्ट्रेटनिंग प्रोडक्ट्सः** बालों को रंगने, सीधा करने या लंबे समय तक सेट रखने वाले उत्पादों में मौजूद कुछ रसायन स्वास्थ्य के लिए परेशानी पैदा कर सकते हैं। कुछ हेयर डाई में पैरा-फेनिलीनडायमीन यानी पीपीडी और अमोनिया हो सकते हैं, जिनसे सिर की त्वचा में खुजली, जलन, सूजन या एलर्जी हो सकती है। सुरक्षित विकल्प के रूप में अमोनिया-फ्री और पीपीडी-फ्री हेयर कलर, शुद्ध मेहंदी, नारियल तेल, आर्गन ऑयल, एलोवेरा हेयर मास्क और अलसी का तेल उपयोग किए जाते हैं।



**लिपस्टिक-नेल पॉलिशः** महिलाओं के द्वारा यूज किए जाने वाले मेकअप उत्पादों जैसे लिपस्टिक और नेल पॉलिश में प्रिजर्वेटिव, कृत्रिम रंग, सुगंध और अन्य रसायन हो सकते हैं। इसलिए लिपस्टिक, काजल, फाउंडेशन और अन्य मेकअप केवल विश्वसनीय ब्रांड वाले ही खरीदने चाहिए। एक्सपायरी डेट के बाद मेकअप का उपयोग नहीं करना चाहिए। नेल पॉलिश में नुकसानदायक तत्व हो सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन त्वचा, आंखों और श्वसन तंत्र में जलन पैदा कर सकते हैं। नेल पॉलिश लगाते समय कमरे में हवा का अच्छा आवागमन होना चाहिए और पूरी सतर्कता के साथ इनका उपयोग किया जाना चाहिए।

**डिओडरेंट-परफ्यूम-बॉडी स्प्रेः** ये शरीर की दुर्गंध कम करने के लिए उपयोग किए जाते हैं, लेकिन इनमें कृत्रिम सुगंध, फ्थैलेट्स और कभी-कभी एल्यूमिनियम सॉल्ट्स जैसे घटक हो सकते हैं। कृत्रिम सुगंध कुछ लोगों में सिरदर्द, माइग्रेन, सांस की तकलीफ, त्वचा की खुजली या एलर्जी को बढ़ा सकती है। संवेदनशील त्वचा वाले लोग एल्यूमिनियम-फ्री या फ्रेगरेंस-फ्री डिओडरेंट इस्तेमाल कर सकते हैं। प्राकृतिक विकल्पों में कम सुगंध वाले मिनरल डिओडरेंट, फिटकरी का पानी, बेकिंग सोडा आधारित उत्पाद या केवल नियमित स्नान और साफ कपड़ों की आदत उपयोगी हो सकती है। नारियल तेल में एक-दो बूंद टी ट्री, लेवेंडर, रोज, जैस्मिन, सेंडल वुड, यूक्लिप्टस ऑयल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इन सावधानियों से आप हमेशा सुरक्षित रहेंगे। *

**(दिल्ली के डर्मेटोलॉजिस्ट, डॉ. गौरव नाकरा और जनरल फिजीशियन, डॉ. जे. रावत से बातचीत पर आधारित)**

## ऐसे करें सुरक्षित सेल्फ-केयर



- आवश्यकता से अधिक कॉस्मेटिक या रासायनिक उत्पादों का उपयोग न करें।
- सेल्फ-केयर उत्पाद चुनते समय सबसे पहले उसमें मौजूद तत्वों की डिटेल पढ़ें।
- बहुत अधिक सुगंध, चमकीले रंग, इंस्टेंट व्हाइटनिंग, केमिकल-फ्री या शत-प्रतिशत नेचुरल जैसे दावों पर बिना जांचे भरोसा न करें।
- कम केमिकल सामग्री वाले, फ्रेगरेंस-फ्री, प्रमाणित और विश्वसनीय उत्पाद अधिक अच्छे विकल्प हो सकते हैं।
- नए उत्पाद का उपयोग करने से पहले पैच टेस्ट करके जरूर देखें यानी हाथ की स्किन पर हल्का-सा लगाकर देखें। अगर कोई समस्या न हो, तभी वो उत्पाद इस्तेमाल करें।
- एक्सपायरी डेट का ध्यान रखें। क्योंकि इनमें बैक्टीरिया पनपने लगते हैं, जो ज्यादा नुकसानदायक हो सकते हैं।
- त्वचा में लगातार जलन, लालपन, खुजली या दाने हों। तो उपयोग बंद कर त्वचा विशेषज्ञ से सलाह लें।

हमारा शरीर मुख्य तौर पर हमारे मस्तिष्क यानी ब्रेन से ही संचालित होता है। इसलिए इसकी सुरक्षा, इसका बेहतर स्वास्थ्य और इसका अच्छे ढंग से कार्य करना बहुत जरूरी है। **वर्ल्ड ब्रेन डे (22 जुलाई)** के अवसर पर यहां बता रहे हैं कि हमारा ब्रेन कैसे हेल्दी और हमारी मेमोरी कैसे शार्प बन सकती है?

# तब ब्रेन रहेगा हेल्दी मेमोरी होगी शार्प

**एडवाइस**

**शिखर चंद जैन**



मात्र तीन पौंड वजन का हमारा मस्तिष्क आकार में भले ही बहुत बड़ा नहीं होता, लेकिन यह एक शक्तिशाली अंग है। शरीर के इस छोटे से हिस्से में ही हमारा व्यक्तित्व और सभी यादें समाहित होती हैं। मस्तिष्क ही विचारों, भावनाओं और गतिविधियों का समन्वय करता है। जीवन को सुचारू रूप से चलाने, सफलता व सुकून के लिए इसका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।

**न्यूरॉन्स का रोलः** मस्तिष्क में अरबों तंत्रिका कोशिकाएं न्यूरॉन्स होती हैं। ये ही शरीर के बाकी हिस्सों को जानकारी भेजती हैं। यदि ये ठीक से काम नहीं करेंगी तो शरीर के अंग और मांसपेशियों में संवेदना कम हो सकती है। सोचने और कार्य करने की क्षमता धीमी हो सकती है।

**क्यों जरूरी है बचावः** मस्तिष्क, क्षतिग्रस्त या नष्ट हुए न्यूरॉन्स की जगह नए न्यूरॉन्स नहीं बना पाता है। सिर में चोट लगना, नशीली दवाओं का सेवन, अल्जाइमर और पार्किंसंस जैसी स्वास्थ्य समस्याएं मस्तिष्क कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं या उन्हें नष्ट कर सकती हैं। इसलिए ब्रेन की हिफाजत करना बेहद जरूरी है। साथ ही मस्तिष्क को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी आदतें विकसित करना महत्वपूर्ण है। इसके लिए आपको अपनी जीवनशैली में कुछ बदलाव करने होंगे।



**पसीना बहाएंः** जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय रहते हैं, उनका दिमाग तेज रहने की संभावना अधिक होती है। नियमित शारीरिक गतिविधि संतुलन, लचीलापन, ताकत, ऊर्जा और मनोदशा में सुधार लाने में भी सहायक होती है। शोध से पता चलता है कि व्यायाम करने से अल्जाइमर रोग होने का खतरा कम हो सकता है।

**सिर की सुरक्षा जरूरीः** मस्तिष्क की चोट किसी व्यक्ति के जीवन पर दीर्घकालिक रूप से गहरा प्रभाव डाल सकती है। मस्तिष्क की चोटें सोचने-समझने की क्षमता, स्मृति, समन्वय, वाणी और भावनाओं को प्रभावित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क की सुरक्षा के लिए, सिर में चोट लगने के जोखिम वाली किसी भी गतिविधि को करते समय हमेशा हेलमेट पहनें। जैसे- साइकिल चलाना, स्कीइंग करना, घुड़सवारी करना या मोटरसाइकिल, स्नोमोबाइल या ऑल-टेरेन वाहन का उपयोग करते समय हेलमेट जरूर पहनें। सिर में चोट लगने के अन्य सामान्य कारणों में कार दुर्घटनाएं भी शामिल हैं। कार में सीट बेल्ट पहनकर सिर पर चोट लगने से बच सकते हैं। गिरने से बचने के लिए, सीढ़ियों पर, ऊबड़-खाबड़ जमीन पर या किसी अपरिचित जगह पर सावधानी से चलें। घर में सीढ़ियों और गलियारों से फालतू सामान हटाकर गिरने से बचाव करें। सीढ़ियों में पर्याप्त रोशनी रखें। सुनिश्चित करें कि सभी कालीन और गलीचे फर्श पर मजबूती से बिछे हों ताकि आप फिसलें नहीं।

**पर्याप्त सावधानी बरतेंः** कुछ स्वास्थ्य समस्याएं हमारी सोचने और याददाश्त संबंधी परेशानियों को बढ़ा सकती हैं। इनसे स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ सकता है, जिससे मस्तिष्क की रक्त वाहिकाएं क्षतिग्रस्त हो सकती हैं। इनमें से सबसे आम समस्याएं मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप हैं। यदि आपको इनमें से कोई स्वास्थ्य समस्या है, तो अपने डॉक्टर के निर्देशों का पालन करें।

**सामाजिक दायरा बढ़ाएंः** सामाजिक मेलजोल अवसाद और तनाव को दूर करने में सहायक होता है। ये दोनों मानसिक रोग याददाश्त कमजोर होने की समस्या को बढ़ा सकते हैं। सामाजिक अलगाव और अकेलापन सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट और अल्जाइमर रोग के जोखिम से भी जुड़े हुए हैं। इसलिए अपना सामाजिक दायरा बढ़ाएं, लोगों से मेलजोल रखें।

**अच्छी नींद लेंः** रोज अच्छी नींद लेना, ठीक वैसे ही है जैसे फोन को चार्ज करने के लिए प्लग लगाना। अच्छी नींद लेने से मस्तिष्क की कार्यक्षमता और याददाश्त बेहतर होती है, सतर्कता बढ़ती है और दैनिक कार्यों को करना आसान हो जाता है। आराम करने से तनाव और अवसाद भी कम होता है।

**ब्रेन फूड लेंः** स्वस्थ खाद्य पदार्थों से भरपूर आहार मस्तिष्क को ऊर्जा प्रदान करता है, जिससे मानसिक एकाग्रता में सुधार होता है और सोचने-समझने की क्षमता में गिरावट धीमी होती है। माइंड डाइट यानी मेडिटरेनियन डैश इंटरवेंशन फॉर न्यूरो डिजेनरेटिव डिले एक विशेष खान-पान प्लान है, जो दिमाग की सेहत को सुधारने, याददाश्त तेज करने और अल्जाइमर या डिमेंशिया (मनोभ्रंश) के जोखिम को कम करने के लिए डिजाइन की गई है। यह 'मेडिटेरेनियन' और 'डैश' डाइट का मिश्रण है, जो मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियों, बेरीज, नट्स और साबुत अनाज को अपने डाइट में शामिल करने पर जोर देती है। *

**(अपोलो हॉस्पिटल, कोलकाता के न्यूरोसर्जन डॉ. बिनोद कुमार सिंघानिया से बातचीत पर आधारित)**

## ब्रेन एक्सरसाइज करें

**जिस प्रकार** शारीरिक गतिविधि आपके शरीर को चुस्त-दुरुस्त रखती है, उसी प्रकार दिमाग को सक्रिय रखने वाली गतिविधियां आपके मस्तिष्क को भी चुस्त-दुरुस्त रखती हैं। ये गतिविधियां मस्तिष्क की कार्यक्षमता और स्मृति को बेहतर बनाने में सहायक हो सकती हैं। इसके लिए क्रॉसवर्ड पहेलियां हल करें, अलग-अलग विषय पढ़ें, खेल खेलें या कोई वाद्य यंत्र बजाना सीखें। साथ ही कोई नया शौक अपनाएं या किसी स्थानीय विद्यालय या सामुदायिक समूह में स्वयंसेवा करें।



Acne Clear Cream
Since 1954
DR. SAHEB
पूर्णतः आयुर्वेदिक, स्वदेशी एवं ईमानदार क्रीम याने
मुंहासों के लिए वरदान
CLINICALLY TESTED
कॉलेजियन® क्रीम
60 सालों से युवाओं की स्किन केयर, 12 गुणों का विशाल भंडार
MRP ₹124/- Now ₹ 99/- Only. (20 g)
केवल 99 रु. में हमारा चेलेंज है... कि पूरी दुनिया में कोई भी इतनी कम कीमत में 12 गुणों वाला इतना विश्वसनीय क्रीम नहीं दे सकता है सो आप एक बार अवश्य वापर कर विश्वास करें.
AN ISO 9001 : 2008 Certified Company
मुहाँसे
काले घेरे
स्ट्रेचमार्क्स
एड़ियों का फटना
ताजे जख्म
काले दाग
HD ग्लो
NO SIDE EFFECTS
WOW!
पार्लर जैसा GLOW... रोज़ाना
Ayurvedic Multipurpose
The Original collegian® Cream
अगर आप चाहते हैं खूबसूरत चेहरा तो आप आज ही केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम ले आएं, फिर देखें कि कुछ ही दिनों में आपके चेहरे पर निखार एवं खूबसूरती। दुनिया भर की देशी या विदेशी कंपनियों की कई क्रीम या फेशियल के कई साधन वापरें या फिर केवल एक ट्यूब कॉलेजियन क्रीम वापरें।
शादी के पहले केवल तीन माह तक कॉलेजियन क्रीम का उपयोग लगातार करें और अपने अंदर एक नया खुबसूरत बदलाव देंखे। स्वयं ही परिणाम देखें आप फिदा हो जाएंगे।
केवल ट्यूब ही लें
आप अपने परिवार के लिये केवल 1 ट्यूब कॉलेजियन क्रीम की अवश्य ले जायें। क्योंकि ऐसी चीजें बनाई नहीं जाती है बल्कि वरदान के रूप में बन जाती है।
Available at amazon.in | Flipkart
www.collegiancream.com
Email : collegiancream777@gmail.com
Bliss for Acne Prone Skin
Get Dream Like Glow Best for Pimples
Best Skin Care Partner
CUSTOMER CARE 9926054001
सर्दियों में त्वचा को कोमल बनाकर ग्लो बढाएं।
An all purpose, all season cream for all ages with proven results (Men, Women & New Born)
अप्रतिनिधित्व क्षेत्रों में एजेन्सी देना है
केवल होलसेल मेडिकल डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिए
संपर्क - 78708 33333
कृपया ध्यान दें: कंपनी का केवल ट्यूब में ही आता है। सभी मेडिकल/ जनरल स्टोर्स पर उपलब्ध है।
नकल या मिलता-जुलता नाम प्रिंट करना/करवाना/बेचना/खरीदना अपराध है। सजा निश्चित होगी।

## खबर संक्षेप

### तिवारी नाला पुल के गड्ढे की मरम्मत

**जशपुरनगर।** भागलपुर से पनचक्की जाने वाले मुख्य मार्ग पर बाल संरक्षण गृह के पास स्थित तिवारी नाला पुल में गड्ढे की मरम्मत की जा रही है। बताया जा रहा है कि गड्ढे हो जाने के कारण यातायात में परेशानी हो रही थी। इस संबंध में समाचार प्रकाशित हुआ था। संज्ञान में आते ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने उक्त स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल में गड्ढा होने की पुष्टि हुई। इसके बाद तत्काल आवश्यकता अनुसार मरम्मत कार्य प्रारंभ करा दिया गया है। विभाग का उद्देश्य है कि इस प्रकार की समस्या भविष्य में उत्पन्न न हो और आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान यातायात नियमों का पालन करें और पुल पर धीमी गति से वाहन चलाएं।

### पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए नामांकन आमंत्रित

**जशपुरनगर।** सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए 31 जुलाई नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। ज्ञात हो कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के नामांकन के लिए कोई भी भारतीय नागरिक, संस्थान या संगठन, जिन्होंने राष्ट्रीय एकता और अखंडता को बढ़ावा देने और आगे बढ़ाने में उत्कृष्ट प्रयास और उल्लेखनीय योगदान दिया हो, जो दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने हो और एक मजबूत और एकजुट भारत के मूल्यों को सुदृढ़ करने में मददगार बने हो, पात्र है। सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार 2026 के लिए उक्त पात्रता रखने वाले इच्छुक भारतीय नागरिक, संस्थान, संगठन से भारत सरकार के राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in में 31 जुलाई तक की समयावधि के भीतर नामांकन प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है।

### छात्र परिषद् ने ली नेतृत्व, सेवा की शपथ

**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय स्थित संत जेवियर्स स्कूल शांति भवन जशपुर में बुधवार को गरिमामय वातावरण में अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की नवनिर्वाचित छात्र परिषद् के पदाधिकारियों का विधिवत अलंकरण कर उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। चयनित सदस्यों को बैच, पट्टे और विद्यालय ध्वज प्रदान कर उनके पदों का औपचारिक अलंकरण समारोह की शुरुआत प्रार्थना एवं स्वागत के साथ हुई। इसके बाद छात्र परिषद् के नवचयनित सदस्यों को बैच, पट्टे और विद्यालय ध्वज प्रदान कर उनके पदों का औपचारिक अलंकरण किया गया। सभी पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने, अनुशासन का पालन करने, साथियों का मार्गदर्शन करने, निष्ठा, समर्पण और निष्पक्षता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की शपथ ली। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही। अंत में स्कूल कैप्टन रेजिना बेक ने सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने विश्वास व्यक्त किया कि नई छात्र परिषद् अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए विद्यालय की गौरवशाली परंपराओं को आगे बढ़ाएगी।

### जब्त सामान की कीमत 1 करोड़ 21 लाख

# ऑपरेशन आघात: 2 तस्कर गिरफ्तार, 3 कार, 552 किलो से अधिक गांजा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जशपुर जिले में थाना कुनकुरी क्षेत्र में एक इनोवा वाहन से 311 किलो 35 ग्राम व थाना बगीचा क्षेत्र से दो कार से 240 किलो 810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त करने व दो आरोपी तस्करों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा दीपक कुमार झा के नेतृत्व में पूरे सरगुजा रेंज में मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत संभाग के सभी जिलों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए विभिन्न थाना एवं चौकियों से प्राप्त सूचनाओं का निरंतर आदान-प्रदान किया जा रहा है। इसी समन्वित कार्रवाई के परिणामस्वरूप नशे के कारोबार में संलिप्त तस्करों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस को मुखबीर से पुख्ता सूचना मिली थी कि एक इनोवा वाहन क्रमांक ओडी 17 जे 0205 से कुछ व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध मादक प्रदार्थ गांजा का परिवहन करते हुए उड़ीसा की ओर से तपकरा कुनकुरी मार्ग से होते हुए अंबिकापुर की ओर जाने वाले है। जिस पर डीआईजी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देश पर तस्करों की धर पकड़ हेतु पुलिस द्वारा रास्ते में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान शाम करीबन 6.35 बजे के लगभग थाना के सामने जय स्तंभ चौक के पास तपकरा रोड की ओर से उक्त संदिग्ध इनोवा कार आता दिखाई देने पर पुलिस की टीम द्वारा घेराबंदी कर उक्त संदिग्ध कार को रोकने का प्रयास किया गया, परंतु संदिग्ध कार के चालक द्वारा वाहन को न रोककर तेजी से भगाया जाने लगा। पुलिस की टीम द्वारा उक्त संदिग्ध वाहन का लगातार पीछा किया जा रहा था। पुलिस को पीछा करते देख संदिग्ध इनोवा वाहन का चालक थाना कुनकुरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बोड़ो छापर, पुट पुटी की पास वाहन को छोड़कर जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। पीछा कर रही पुलिस की टीम के द्वारा जब उक्त संदिग्ध वाहन के पास पहुंच कर इनोवा कार की तलाशी ली गई तो डिक्की में 295 पैकेट में टेप से लिपटकर बांधा गया अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। उक्त अवैध मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 311 किलो 35 ग्राम था।



#### माल सहित वाहन जब्त

माल सहित वाहन जब्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सचिन्द्र राउत उम्र 29 वर्ष, निवासी ग्राम बरा खाई थाना लेपड़ी पड़ा जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा, मोहम्मद समीर उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम मेहताब रोड, थाना पलान साह जिला सुंदरगढ़ उड़ीसा का रहने वाला बताया और गांजा तस्करों के लिए रेकी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा दोनों वाहनों सहित 240 किलो 810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा को गवाहों के समक्ष जब्त कर आरोपी तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है। इस प्रकार पुलिस द्वारा इस मामले में गांजे व वाहन सहित कुल 1 करोड़ 20 लाख 82 हजार 400 रुपए की जब्ती की गई है।

#### इनकी रही सराहनीय भूमिका

इस प्रकरण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनेंद्रगढ़ भरतपुर चिरमिरी पुष्पेंद्र नायक, प्रधान आरक्षक पुष्कल सिंह, आरक्षक भूपेंद्र यादव, मामले की कार्रवाई, गांजे की जब्ती व आरोपियों की गिरफ्तारी में उप पुलिस अधीक्षक भावेश समरथ, एसडीओपी बगीचा दिलीप कुमार कोसले, एसडीओपी पत्थलगांव डॉ ध्रुवेश जायसवाल, थाना प्रभारी कुनकुरी निरीक्षक राकेश यादव, थाना प्रभारी नारायणपुर निरीक्षक कोमल सिंह नेताम, थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक गौरव पांडे, उप निरीक्षक राकेश यादव,सहायक उप निरीक्षक नरेंद्र मिंज, अनिल कामरे, ईश्वर प्रसाद बारले, प्रधान आरक्षक दलेश्वर यादव, थाने के स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

#### सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई

इसी क्रम पुलिस की टीम द्वारा थाना बगीचा क्षेत्र में एक ब्रेजा कार क्रमांक ओडी 02 बीएच 9811 व अर्टिगा वाहन क्रमांक ओडी 16 एन 9229 से 240 किलो 810 ग्राम गांजा तथा रेकी कर रहे दो तस्करों को पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक संदिग्ध अर्टिगा कार क्रमांक ओडी 16 एन 9229 व ब्रेजा कार क्रमांक ओडी 02 बीएच 9811 कुछ संदिग्ध व्यक्ति उड़ीसा की ओर से अंबिकापुर की ओर जा रहे हैं, जो कि गांजा तस्कर हो सकते हैं। जिस पर पुलिस की टीम द्वारा थाना उक्त संदिग्ध वाहनों की धर पकड़ हेतु रास्ते में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान थाना नारायणपुर क्षेत्र में उक्त संदिग्ध वाहन आता दिखाई देने पर थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा संदिग्ध वाहन का पीछा किया जा रहा था। थाना बगीचा पुलिस द्वारा भी आगे नाकाबंदी की गई थी। इसी दौरान ग्राम मझगांव के पास डोडकी नदी के साथ संदिग्ध ब्रेजा कार का चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया परंतु पुलिस को दूसरे संदिग्ध अर्टिगा कार को पकड़ने में सफलता मिल गई। पुलिस द्वारा जब दोनों कार की तलाशी ली गई तो उसमें कुल 240 पैकेट में टेप से लिपटा हुआ कुल 240.810 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला,। पुलिस ने पकड़े गए संदिग्ध अर्टिगा कार में बैठे संदिग्धों से पूछताछ कर उन्हें गिरफ्तार किया।

# खरीफ के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

खरीफ फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रारंभ हो गई है। किसान 31 जुलाई तक बीमा करा सकेंगे। प्रतिकूल मौसम में सुरक्षा बीमा कवच मिलेगा।

मानसून के आगमन के साथ जिले में खरीफ फसलों की बोनी का कार्य प्रारंभ हो चुका है। किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026 के लिए फसल बीमा की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। किसान 31 जुलाई तक अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा करा सकते हैं। उप संचालक कृषि एमआर भगत ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को प्रतिकूल मौसम, बाढ़, कीट-व्याधि, ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली सहित विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। इसके अलावा कम वर्षा अथवा विपरीत मौसमी परिस्थितियों के कारण बुवाई विफल होने की स्थिति भी योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा सुरक्षा के दायरे में आती है।

योजना के अंतर्गत फसल कटाई के बाद आगामी 14 दिनों तक खेत में सूखाने के लिए रखी गई फसल को भी निर्धारित प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान होने पर दावा भुगतान की पात्रता होगी। इस अवधि में ओलावृष्टि, चक्रवात, बेमौसम बारिश अथवा चक्रवाती वर्षा के कारण अधिसूचित फसल को नुकसान पहुंचने पर किसान योजना के प्रावधानों के अनुसार बीमा दावा प्राप्त कर सकेंगे। इस प्रकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को फसल की बुवाई से लेकर कटाई के बाद की निर्धारित अवधि तक विभिन्न प्राकृतिक जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

#### किसानों को देना होगा 2 प्रतिशत प्रीमियम

जिले में खरीफ की अधिसूचित फसलों के लिए किसानों द्वारा देय प्रीमियम राशि बीमित राशि का 2 प्रतिशत निर्धारित की गई है। इसके अनुसार किसानों को धान सिंचित के लिए 1100 रुपए, धान असिंचित के लिए 860 , मक्का के लिए 700, कोदो के लिए 320, कुटकी के लिए 340, रागी के लिए 300, मूंगफली के लिए 840, अरहर के लिए 600 तथा उड़द के लिए 440 रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से प्रीमियम राशि जमा करनी होगी।

#### यहां करा सकते हैं बीमा

किसान अपनी फसल का बीमा कराने के लिए संबंधित सहकारी समिति, बैंक, बीमा प्रदाता कंपनी अथवा लोक सेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। कृषि विभाग ने किसानों से अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किए बिना समय रहते आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपनी अधिसूचित फसलों का बीमा कराने की अपील की है। उप संचालक कृषि ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा है कि खेती प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर होने के कारण कई प्रकार के जोखिमों से प्रभावित हो सकती है। ऐसे में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों को संभावित फसल नुकसान की स्थिति में महत्वपूर्ण आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है।

# पेंशन के हक की लड़ाई में उमड़ा जनसैलाब बारिश भी नहीं रोक सकी वंचितों का आक्रोश

**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में आज सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित हितग्राहियों के हक की लड़ाई को लेकर कांग्रेस भवन से बेटी बचाओ बेटी बचाओ चौक होते हुए शांतिपूर्वक रघुपति राघव राजा राम के भजन गाते हुए रैली के रूप में विधायक एवं प्रदेश के वित्त मंत्री के निवास पर जाकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में लगभग 250 पेंशन हितग्राही, जिनमें राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र.पुत्री कहलाने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति समुदाय के लोग भी शामिल रहे जिन्हें पेंशन नहीं मिल रही है, सरकार के लिए यह कितनी शर्म की बात है। उक्त शांतिपूर्ण रैली में वृद्धजन, विधवाएं, निराश्रित महिलाएं एवं दिव्यांगजनों, आम नागरिकों, तथा कांग्रेस के पदाधिकारीगण व कार्यकर्त्तागण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वैसे तो सिर्फ रायगढ़ शहर में ही 250 महिलाएं विधवा पेंशन और समूचे रायगढ़ जिले में 11 हजार निराश्रित पेंशन के हितग्राही है जिनका पेंशन महीनों से लंबित है यदि सभी पेंशन हितग्राहियों का आंकलन किया जाए तो यह संख्या और बढ़ सकती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष शाखा यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार की संवेदनहीनता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि




निराश्रित मतलब जिनका कोई आश्रय नहीं, विधवा मतलब कमाने वाला पति से वंचित, वृद्धा मतलब शारीरिक रुप से अक्षम, दिव्यांग मतबल शारीरिक अंगो से लाचार ऐसे ही समाज के सबसे कमजोर और जरूरतमंद वर्ग को महीनों से सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए भटकना पड़ रहा है। जिन लोगों के लिए कुछ सौ रुपए भी जीवन का सहारा हैंए उन्हें उनके अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान सभी हितग्राहियों ने लंबित पेंशन की वजह से हो रही आर्थिक परेशानियों पर खुलकर अपना.अपना व्यक्तव्य दिया। जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सभी वंचित पेंशन हितग्राहियों से कलेक्टर के नाम आवेदन भरवाकर उनकी समस्याओं को शासन.प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर पावती भी लिया गया तथा शीघ्र पेंशन स्वीकृत करने एवं लंबित राशि का भुगतान करने की मांग की गई। शाखा यादव ने कहा कि बारिश के बावजूद 250 से अधिक पेंशन वंचितों का प्रदर्शन में शामिल होना इस बात का जीवंत प्रमाण है कि लोग किसी राजनीतिक कारण से नहीं, बल्कि अपनी भूख, बीमारी और आर्थिक मजबूरी से मजबूर होकर सड़क पर उतरने को विवश हैं। यदि सरकार समय पर पेंशन देतीए तो बुजुर्गोंए विधवाओं और दिव्यांगों को बारिश में भीगकर अपने अधिकार की गुहार लगाने की नौबत नहीं आती। जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष नगेन्द्र नेगी ने कहा कि सरकार एक ओर संवेदनशील होने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर गरीबों, बुजुर्गों और दिव्यांगों को उनके वैधानिक अधिकार से वंचित रखा जा रहा है। यह केवल प्रशासनिक लापरवाही नहींए बल्कि सामाजिक न्याय की भावना के साथ भी अन्याय है।

# उद्योगों को पीपल के पौधे लगाने का टारगेट, 8,950 पेड़ों की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में संचालित उद्योगों को हर बार की तरह इस बार भी पीपल पेड़ लगाने का टारगेट दिया गया है। प्लांट के संचालक अपने परिसर या फिर उनके द्वारा चिंहाकित जगहों पर पीपल पेड़ लगाए जाएंगे। उनको 8 हजार 950 पेड़ों की जिम्मेदारी दी गई है। रायगढ़ वनमंडल के अंतर्गत रायगढ़, खरसिया, घरघोड़ा एवं तमनार परिक्षेत्र के कुल 27 स्थलों में लगभग 448.49 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 43 हजार 212 पौधों का रोपण किया जाएगा। यह कार्य राज्य कैम्पा मद के अंतर्गत संपादित होगा।

पौधरोपण के लिए वन विभाग की हाईटेक रोपणियों में सागौन, जामुन, बेल, अर्जुन, आँवला, नीम सहित स्थानीय जलवायु के अनुरूप विभिन्न प्रजातियों के गुणवत्तायुक्त पौधे तैयार किए गए हैं। अभियान के अंतर्गत क्षतिपूर्ति पौधरोपण, सेफ्टी जोन ब्लॉक पौधरोपण, ट्रांसमिशन लाइन के नीचे बौनी प्रजातियों का रोपण तथा वन्यप्राणी एवं पक्षी संरक्षण को ध्यान में रखते हुए विशेष पौधरोपण भी किया जाएगा। प्रत्येक स्थल पर रोपण प्रभारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त किए गए हैं, जो पौधों की सुरक्षा, देखभाल एवं नियमित निगरानी सुनिश्चित करेंगे।



वन विभाग द्वारा संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना के माध्यम से निजी भूमि पर भी पौधरोपण को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस वर्ष वनमंडल के 44 कृषकों द्वारा लगभग 83.11 एकड़ भूमि पर साधारण सागौन, बांस एवं क्लोनल नीलगिरी के 50 हजार 118 पौधे लगाए जाएंगे। इससे किसानों को भविष्य में अतिरिक्त आय का स्रोत मिलेगा तथा पर्यावरण संरक्षण को भी मजबूती मिलेगी।

**न्यायालय तहसीलदार घरघोड़ा जिला रायगढ़ छ0ग0**

रा0प्र0क0 0/अ-21(2)/2025-26
साकिन-कसैया प.ह.न. 22

**-: ईश्तहार :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम बुद्ध एवं अन्य 1 बनाम छ.ग. शासन साकिन कसाईया में आवेदक गौतम बुद्ध पिता संतराम जाति रावत निवासी घरघोडा तहसील घरघोड़ा द्वारा कलेक्टर महोदय रायगढ़ को आवेदन पेश किया गया कि ग्राम कसैया स्थित स्वयं की स्वामित्व परिवर्तित भूमि ख.नं. 465/13 रकबा 0.024 हे0 भूमि को हक त्यागनामा विलेख अपने बहन लोकेश्वरी के नाम से निष्पादित करने की अनुमति प्रदान करने का निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22/07/2026 को नियत किया गया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22/07/2026 को नियत किया गया है।

प्रस्तुत आवेदन के संबंध में इस न्यायालय में दिनांक 22/07/2026 को सुनवाई नियत की गई है। उक्त संबंध में जिस किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं अथवा अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति दिनांक 22/07/2026 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का कोई भी विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**घरघोड़ा**

### जिले में सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार जिले में कल्याणकारी योजनाओं के संतृप्तिकरण हेतु 'सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान प्रारंभ किया गया है। कलेक्टर रोहित व्यास ने 10 जुलाई को जारी आदेश में बताया कि इस अभियान के तहत जिले के समस्त ग्रामों में 31 चिन्हित व्यक्तिमूलक योजनाओं का सघन एवं प्रभावी क्रियान्वयन किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग रियल-टाइम डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से होगी। अभियान के सफल संचालन हेतु जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के रूप में अभिषेक कुमार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा सहायक नोडल अधिकारी प्रदीप साहू, सहायक कलेक्टर को नियुक्त किया गया है।

### समारोह में 5 एल्डरमैन ने ली पद, गोपनीयता की शपथ

# जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने हो प्रयास : बेसरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव

नगर पालिका परिषद पत्थलगांव में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम ऋतुराज सिंह बिसेन ने मनोनीत एल्डरमैन हरजीत सिंह भाटिया, अनिल मित्तल, सुनील अग्रवाल, अवधेश गुप्ता और भवानी शर्मा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि ने कहा कि सभी ऐल्डरमेन का प्रयास जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का हो।

समारोह में छत्तीसगढ़ अंत्यावसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेंद्र बेसरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि "शपथ लेना आसान है, लेकिन उसे ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाना ही सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।" उन्होंने नव-नियुक्त एल्डरमैन से जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने और नगर विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। भाजपा नेता सुनील अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में सुशासन स्थापित होने का दावा करते हुए कहा कि अब उसी सोच के अनुरूप पत्थलगांव के विकास को नई रफ्तार दी जाएगी। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष संगीता सिंह, उपाध्यक्ष अजय बंसल, पार्षदगण, नगर पालिका के सीएमओ जावेद खान, अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।




TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### मानसून की उमस में बढ़ा संक्रमण का खतरा

**रायगढ़।** मानसून के आगमन के साथ भीषण गर्मी से राहत तो मिलती है, लेकिन वातावरण में बढ़ी नमी और उमस के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। कृषि विज्ञान केन्द्र, की आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. मनीषा चौधरी ने बताया कि इस मौसम में बैक्टीरिया, वायरस और फफूंद तेजी से पनपते हैं, जिससे भोजन और पेय पदार्थ आसानी से दूषित हो सकते हैं। इसके कारण दस्त, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड, वायरल बुखार, सर्दी जुकाम और अन्य संक्रमण होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु में ताजा, पौष्टिक, सुपाच्य और स्वच्छ भोजन का सेवन शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। तला भुना, अत्यधिक मसालेदार और खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचना चाहिए। बासी भोजनए कटे हुए फल, खुले में मिलने वाले जूस, चाट, गोलगप्पे और अन्य स्ट्रीट फूड का सेवन नहीं करना चाहिए। पीने के लिए हमेशा उबला या फिल्टर किया हुआ स्वच्छ पानी ही उपयोग करें तथा घर में बना ताजा और अच्छी तरह पका भोजन ही खाएं।

### चार दिन में जारी हुआ आय प्रमाण पत्र

**रायगढ़।** रायगढ़ तहसील के ग्राम कोसमपाली निवासी पंकज कुमार विश्वाल का आय प्रमाण पत्र सेवा सेतु के माध्यम से निर्धारित समयावधि में जारी किया गया। पंकज कुमार विश्वाल के पिता नवीन कुमार विश्वाल ने 5 जुलाई को लोकसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत किया था। आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन किया गया। सभी औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत 9 जुलाई को तहसीलदार रायगढ़ द्वारा आय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

### 8 ग्रापं में स्वीकृत हुए आधुनिक बकरी शेड

**रायगढ़।** ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि तथा वैज्ञानिक पशुपालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले की 8 ग्राम पंचायतों में वीबी जीराम जी अंतर्गत लगभग 3 लाख प्रति इकाई की लागत से आधुनिक बकरी पालन शेड स्वीकृत किए गए हैं। यह पहल ग्रामीण आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी तथा ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक बनेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन आय का एक महत्वपूर्ण स्रोत है लेकिन उचित शेड, स्वच्छता, चारे की व्यवस्था और पशु स्वास्थ्य प्रबंधन के अभाव में पशुओं में बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, जिससे पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक पद्धति पर आधारित बकरी पालन मॉडल विकसित किया जा रहा है। स्वीकृत शेड ऊंचे एवं सुरक्षित प्लेटफॉर्म पर निर्मित किए जाएंगे, जिनमें पर्याप्त वेंटिलेशन, स्वच्छता तथा पशुओं के सुरक्षित रख.रखाव की व्यवस्था होगी। इससे पशुओं को वर्षा, गर्मी एवं अन्य प्रतिकूल मौसम से सुरक्षा मिलेगी तथा संक्रमण और रोगों की संभावना में कमी आएगी। आधुनिक संरचना के कारण पशुओं के स्वास्थ्य और उत्पादन क्षमता में भी सुधार होगा।

### जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को किया गिरफ्तार

**मालखरौदा।** जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से आधा दर्जन बाइक को जब्त किया गया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली मालखरौदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध रूप से जुआ चल रहा था। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। इस बीच जुआ खेल रहे 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उनके कब्जे से 6 बाइक को जब्त किया गया है। पकडे गए जुआरियों में धरमपाल सतनामी, अजीत कुमार मिरी, घासीराम चंद्रा एवं सोनू कुमार धोबी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उनके कब्जे से 6 बाइकों की जब्ती बनाई गई है। जब्त बाइक की कीमत 3 लाख 50 हजार रुपए बताई जा रही है। मुताबिक जप्ती पत्रक के जप्त कर आरोपियो को गिरफ्तार किया गया।

### सभी पात्र कृषकों के खसरों का होगा एग्रीस्टैक पंजीयन

# धान बिक्री के लिए एग्रीस्टैक पंजीयन जरुरी तकनीकी दिक्कतों के निराकरण का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान उपार्जन की तैयारियां शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ शासन के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशों के अनुरूप कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला स्तरीय समीक्षा बैठक लेकर एग्रीस्टैक पंजीयन कार्य की प्रगति का विस्तृत समीक्षा की। कलेक्टर ने राजस्व, कृषि एवं उप पंजीयक सहकारिता के अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन कार्य में अगर कोई तकनीकी दिक्कत या कठिनाइयाँ आ रही है तो अपने संबधित विभागों से उच्च स्तरीय मार्ग दर्शन लेकर कार्यों में शतप्रतिशत प्रगति लाए।

उन्होंने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, कृषि उपसंचालक, उपपंजीयक सहकारिता तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्धारित समय.सीमा के भीतर शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि इस वर्ष धान उपार्जन के लिए वन पट्टाधारी, डुबान, शासकीय पट्टेदार, ग्राम नौकर कोटवार, संस्थागत, अधिया, रेगहा सहित सभी श्रेणी के पात्र कृषकों एवं उनके संबंधित खसरों का एग्रीस्टैक में पंजीयन अनिवार्य किया गया है। ऐसे में किसी भी पात्र किसान का पंजीयन शेष नहीं रहना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ग्राम स्तर तक अभियान चलाकर किसानों का पंजीयन पूर्ण कराया जाए। बैठक में बताया गया कि मार्कफेड मुख्यालय मॉड्यूल में उपलब्ध रिपोर्ट के आधार पर जिले में विभिन्न श्रेणियों के कुछ कृषकों तथा उनके खसरों का एग्रीस्टैक पंजीयन लंबित है। इनमें वन पट्टाधारी, संस्था एवं ट्रस्ट, शासकीय भूमि, शासकीय पट्टेदार कृषि, ग्राम नौकर तथा रेगहा श्रेणी के प्रकरण शामिल हैं। इनमें ऐसे किसान भी हैं जिन्होंने पिछले खरीफ विपणन वर्ष में धान विक्रय किया था। इसलिए उनके पंजीयन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण किया जाना आवश्यक है।


बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी।

#### लगाया जाएगा विशेष पंजीयन शिविर

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि तहसीलवार एवं समितिवार लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा की जाए तथा विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जाए। उन्होंने कहा कि पंजीयन प्रक्रिया में यदि किसी प्रकार की प्रशासनिक अथवा तकनीकी समस्या आती है तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए और आवश्यक होने पर राज्य शासन को भी इसकी जानकारी भेजी जाए। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एग्रीस्टैक पंजीयन कार्य की प्रतिदिन निगरानी की जाए तथा प्रगति में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

# विधानसभा में उठा बरमकेला अपेक्स बैंक गबन का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

बरमकेला स्थित अपेक्स बैंक शाखा में सामने आए 18.13 करोड़ रुपए के बहुचर्चित गबन का मामला एक बार फिर छत्तीसगढ़ विधानसभा में गूंजा। विधायक उत्तरी गनपत जांगड़े ने विधानसभा में इस गंभीर वित्तीय अनियमितता का मुद्दा प्रमुखता से उठाते हुए सरकार का ध्यान आकर्षित किया। किसानों के नाम पर फर्जी केसीसी ऋण, खातों में अनधिकृत लेन देन और करोड़ों रुपये के गबन से जुड़े इस मामले पर विधायक ने सरकार से पूछा कि अब तक दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सहकारी समिति प्रबंधकों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है तथा आगे सरकार की क्या कार्ययोजना है।

सहकारिता मंत्री ने अपने लिखित उत्तर में बताया कि पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक का विशेष ऑडिट कराया जा रहा है। जांच में यदि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रबंधकों अथवा अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों की संलिप्तता पाई जाती है तो उनके विरुद्ध भी नियमानुसार विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में बरमकेला शाखा के तत्कालीन शाखा प्रबंधक डीआर वाघमारे, लेखाधिकारी मीनाक्षी मांझी, लिपिक आशीष पटेल तथा आउटसोर्सिंग कर्मचारी लिकेश कुमार बैरागी, रमाकांत श्रीवास्तव, अरुण चंद्राकर, खीरदास महंत और बालकृष्ण कर्ष को सेवा से बर्खास्त किया जा चुका है।

#### 887 किसानों के खातों से हुई करोड़ों की हेराफेरी

प्रारंभिक जांच के अनुसार 1 अप्रैल 2024 से 6 नवंबर 2024 के बीच बड़े नवापारा, बरमकेला, बोंदा, ढुलोपाली, लेंध्रा, लोधिया, लुकापारा, साल्हेओना, सरिया, तौसीर, देवगांव, गोबरसिंघा, कालाखूंटा, कंठीपाली, करनपाली, कुम्हारी एवं पंचधार सहित 17 समितियों के 887 किसानों के केसीसी एवं डीएमआर खातों में गंभीर अनियमितताएं की गईं। जांच में पाया गया कि किसानों के खातों को अनधिकृत रूप से डेबिट कर लगभग 9 करोड़ 91 लाख 20 हजार 877 रुपए आईएमपीएस के माध्यम से अन्य खातों में स्थानांतरित किए गए और बाद में नकद निकासी कर ली गई।

# पांच एल्डरमेन ने ली शपथ, नगर पालिका में मिलकर करेंगे विकास



हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया

छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद खरसिया में मनोनित पार्षदो एल्डरमेन संजय अग्रवाल, रतन अग्रवाल, शशिभूषण राठौर, राकेश धृतलहरे, सरिता सहिस का शपथ ग्रहण स्थानीय लखीराम आडोटोरियम में सैकड़ो लोगों की उपस्थित में शपथ अधिकारी द्वारा संपन्न कराया गया।

शपथ अधिकारी शिल्पा भगत द्वारा नव नियुक्त एल्डरमैन श्रीमती सरिता सहिस, शशिभूषण राठौर, रतन अग्रवाल, संजय अग्रवाल एवं राकेश धृतलहरे को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर बहुरानी संयोगिता सिंह जूदेव शामिल हुई। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता गिरधर गुप्ता, गोपाल शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष कमल गर्गए सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पद के साथ बड़ी जिम्मेदारी भी आती है, शपथ के अनुरूप काम करना ही असली परीक्षा है। समारोह में छाया विधायक महेश साहू, सतीश अग्रवाल, रविंद्र गबेल, जिला कोषाध्यक्ष सनत नायक, जनपद उपाध्यक्ष डॉ. हितेश गबेल, अशोक मंडी, नगर भाजपा अध्यक्ष विजय शर्मा, महामंत्रीद्वय आनंद अग्रवाल, मनीष रावलानी, बंटी सोनी, मुख्य नगरपालिका अधिकारी नीतू अग्रवाल सहित नगर पालिका के कर्मचारी, पार्षद, भाजपा के कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही। शपथ ग्रहण के पश्चात नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

# सेवानिवृत्त शिक्षकों से शिक्षा दान का आह्वान, गुणवत्ता अनुशासन और जवाबदेही पर विशेष फोकस

- शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने प्राचार्यों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण, जवाबदेह और परिणामोन्मुख बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना तैयार की है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने जिला स्तरीय प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। दो पालियों में आयोजित बैठक में जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विकासखंड स्रोत समन्वयक तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में नामांकन, शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षा का अधिकार आरटीई, छात्रवृत्ति, पीएम योजना, यू डाइस, बोर्ड परीक्षा परिणाम, मध्यान्ह भोजन, विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सीईओ श्री पठारे ने कहा कि शिक्षा शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। लक्ष्य केवल शत प्रतिशत नामांकन तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सुरक्षित एवं प्रेरणादायी शैक्षणिक वातावरण तथा सीखने के समान अवसर उपलब्ध कराना है। बैठक में जिले के सेवानिवृत्त शिक्षकों से समाजहित में स्वेच्छा से विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षण देने का आह्वान किया गया। जिला प्रशासन ऐसे शिक्षकों के अनुभव का स्वागत करेगा तथा शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा। बैठक में यू.डाइस डाटा की शत प्रतिशत एवं गुणवत्तापूर्ण प्रविष्टि, आरटीई के अंतर्गत प्रवेश, रिक्त सीटोंए विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा कक्षा पहली से 12वीं तक के परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई। निर्देश दिए गए कि कोई भी पात्र विद्यार्थी आरटीई, छात्रवृत्ति अथवा अन्य शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।

#### कोई भी बच्चा न हो वंचित

जिले का कोई भी बच्चा शिक्षा, छात्रवृत्ति, आरटीई अथवा शासन की किसी भी जनकल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। प्रत्येक प्राचार्य अपने विद्यालय को उत्कृष्टता का केंद्र बनाने के लिए नेतृत्वकारी भूमिका निभाए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यालयों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहित किया जाएगा, वहीं लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। डीईओ श्यामानंद साहू ने कहा कि विद्यालयों में शैक्षणिक अनुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। कक्षाओं में मोबाइल का पूर्ण प्रतिबंध सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक शिक्षक प्रतिदिन डेली डायरी में गृहकार्य अंकित करें तथा उसकी नियमित समीक्षा हो। निर्धारित निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। डीएमसी आलोक स्वर्णकार ने कहा कि शासन की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम विद्यार्थी तक पहुंचे। विद्यालयों में केवल औपचारिकता नहीं बल्कि परिणाम आधारित कार्य संस्कृति विकसित की जाए।

# सीएमओ ने लिया नगर में साफ सफाई व्यवस्था का जायजा



**खरसिया।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नीतू अग्रवाल ने बारिश के मौसम को देखते हुए शहर की साफ सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्डों के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों एवं प्रभारियों को प्रत्येक वार्ड का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए थे। निरीक्षण के समय जो नोडल अधिकारी अनुपस्थित पाए गए उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए आधे दिवस के वेतन कटौती के निर्देश दिए गए ताकि दुबारा ये गलती ना करें। निरीक्षण के दौरान सीएमओ नीतू अग्रवाल ने नागरिकों से गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने की अपील की। उन्होंने मौके पर ही गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग करके लोगों को समझाया तथा कहा कि कचरे का सही पृथक्करण स्वच्छता के साथ-साथ बेहतर अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भी आवश्यक है। बारिश के मौसम में जलभराव, गंदगी और बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर पालिका ने सफाई व्यवस्था को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया है। सीएमओ ने अधिकारियों और कर्मचारियों को नियमित मॉनिटरिंग तथा वार्डों में साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# पांच दशकों से किसानों की सेवा में लगी है कृषि उपज मंडी समिति

#### उपज के भंडारण में काफी दिक्कते

**पुसौर।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से स्थापित रायगढ़ की कृषि उपज मंडी समिति अब विकास के नए दौर में प्रवेश कर रही है। 1 अक्टूबर 1973 को तत्कालीन सरकार द्वारा रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्थापित इस समिति ने 53 वर्षों में किसानों की मंडी व्यवस्था को लगातार बेहतर बनाने का काम किया है। मंडी समिति की स्थापना के समय कार्यालय इतवारी बाजार ग्राउंड में था। वहां किसानों के आवागमन और उपज के भंडारण में काफी दिक्कतें थीं। इसी समस्या को देखते हुए बाद में मंडी को पटेलपाली में स्थानांतरित किया गया। पटेलपाली में किसानों और सब्जी विक्रेताओं के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध है। शासन द्वारा यहां सेड का निर्माण किया गया है और आवागमन को



सुगम बनाने के लिए सड़क भी बनाई गई है। 53 साल में 36 सचिव हुए पदस्थः स्थापना के बाद से अब तक मंडी समिति में 36 सचिव पदस्थ हो चुके हैं। प्रथम सचिव आरसी सिंह थे। वर्तमान में अनिरुद्ध सिंह सचिव के पद पर कार्यरत हैं। मंडी सचिव अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि मंडी के आधुनिकीकरण का काम तेजी से चल रहा है। रायगढ़ विधायक और प्रदेश के वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने मंडी के आमूलचूल परिवर्तन के लिए विशेष फंड उपलब्ध कराया है। इसके तहत यहां सुंदर और भव्य प्रवेश द्वार नया प्रशासनिक भवन और पानी की बेहतर सुविधा विकसित की जा रही है। निर्माण कार्य जारी नई योजनाएं भी सचिव ने बताया कि अभी कई स्थानों पर नए गोदामों का निर्माण किया जा रहा है ताकि किसानों की उपज का सुरक्षित भंडारण हो सके। इसके अलावा पुसौर में बनी दुकानों की नीलामी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। वहीं चिखली में स्थित पुरानी दुकानों की मरम्मत कर उन्हें फिर से उपयोग में लाने की योजना भी तैयार है। कृषि उपज मंडी समिति की इन नई सुविधाओं से क्षेत्र के किसानों को अपनी उपज बेचने में और सुविधा होगी। भंडारण, परिवहन और बिक्री की व्यवस्था बेहतर होने से किसानों को उनकी मेहनत का वास्तविक मेहनताना मिल सकेगा।

# फेसबुक पर दोस्ती, फोटो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग

**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के नगर पंचायत चंद्रपुर में सोशल मीडिया के माध्यम से दोस्ती कर महिला को अपने झांसे में लेना, निजी फोटो और वीडियो हासिल कर ब्लैकमेल करना तथा पैसे की मांग करना एक आरोपी को भारी पड़ गया। सक्ती पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता ने थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई कि करीब दो वर्ष पहले फेसबुक के माध्यम से उसकी एक अज्ञात व्यक्ति से दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान आरोपी ने विश्वास जीतकर महिला से उसकी निजी फोटो और वीडियो व्हाट्सएप पर मंगवा लिए। इसके बाद आरोपी ने उन्हीं फोटो और वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर पैसों की मांग शुरू कर दी। डर और बदनामी के भय से पीड़िता ने आरोपी के बताए खाते में 2500 ट्रांसफर भी कर दिए। इसके बावजूद आरोपी की मांगें नहीं रुकीं। विरोध करने पर उसने महिला और उसके परिजनों के व्हाट्सएप पर आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी मनोज कुमार देवांगन को 14 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। यदि कोई व्यक्ति ब्लैकमेल करे या साइबर ठगी का शिकार बनाए, तो तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराए।

### राजमार्गों पर कब्जे के खिलाफ अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति

# अवैध कब्जे और बेतरतीब पार्किंग, 41 वाहनों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए रायगढ़ जिला प्रशासन ने आज राजमार्गों पर अवैध अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ व्यापक संयुक्त अभियान चलाया। माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुरूप गठित जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स ने शहर के प्रमुख यातायात क्षेत्रों में सघन प्रवर्तन अभियान चलाते हुए राजमार्गों से अतिक्रमण हटाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले 41 से अधिक वाहनों पर लगभग 41 हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

संयुक्त टीम ने राष्ट्रीय राजमार्ग के राइट ऑफ वे क्षेत्र में किए गए अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटाया। दुकानों के सामने किए गए सड़क विस्तार, अस्थायी शेड, अवैध निर्माण तथा अन्य बाधाओं को हटाते हुए संबंधित लोगों को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा से समझौता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। अभियान के दौरान राजमार्गों और प्रमुख चौराहों के आसपास अवैध रूप से खड़े भारी वाहनों एवं अन्य गाड़ियों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की गई। यातायात बाधित करने और दुर्घटना की आशंका बढ़ाने वाले 41 से अधिक वाहनों पर मौके पर ही चालानी कार्रवाई करते हुए लगभग 41 हजार का अर्थदंड वसूला गया। जिला राजमार्ग सुरक्षा टास्क फोर्स ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे 15 मीटर की परिधि के भीतर भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई अथवा संबंधित मंत्रालय की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी प्रकार का निर्माण, लाइसेंस अथवा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी या नवीनीकृत नहीं किया जाएगा।

